# विद्युत पोल पर चढ़े युवक की करंट लगने से मौत

## परिजनों ने ठेकेदार को युवक की मौत का ठहराया जिम्मेदार, नामदर्ज एफआईआर की मांग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** त्रिलोकपुरी कालोनी में स्वामी गार्डन के समीप एक विद्युत पोल पर कनेक्शन जोड़ने चढ़ा एक 35 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे पर झटका खाकर जमीन पर गिरकर घायल हो गया, तो वहीं युवक को करंट लग देख आसपास के लोग एकत्रित हुए उसे उपचार के लिए जिलाअस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद अस्पताल में एकत्रित हुए मृतक के परिजनों ने मृतक के मालिक (ठेकेदार) पर कई गंभीर आरोप



लगाए और उस पर नाम दर्ज एफआईआर पुलिस से की गई। मृतक का साली प्रियंका जाटव ने बताया कि 35 वर्षीय राजेश अहिरवार निवासी मानकचौक विद्युत ठेकेदार राजेश सिंह के यहा ड्राईवरी का काम करते थे और जिसके चलते वह उसकी निजी गाड़ी चलाते थे। गुरूवार को ठेकेदार के कहे अनुसार राजेश विद्युत पोल पर कनेक्शन जोड़ने के लिए चढ़ा, जहां उसे करंट लग गया और वह नीचे गिर गया। करंट लगने के बाद ठेकेदार और उसके सहयोगी उसे घायल अवस्था में ही छोड़कर चले गये। तो वहीं आसपास के लोग घायल राजेश को टेक्सी से लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

**ठेकेदार पर एफआईआर की मांगः**

घटना के बाद शाम को बड़ी संख्या में परिजन और रिश्तेदार अस्पताल में एकत्रित हुए और घटना को लेकर आक्रोश जाहिर किया। तो वहीं बड़ी संख्या में परिजनों के एकत्रित होने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल भी घटना स्थल पहुंचा और जांच की। तो वहीं अस्पताल में मौजूद परिजनों ने पूरी घटना को संदिग्ध मानते हुए और राजेश को गाड़ी चलाने के स्थान पर विद्युत कनेक्शन जोड़ने जैसे कार्य कराने पर उसके खिलाफ एफआईआर की मांग की गई। वहीं परिजनों ने बताया कि उक्त ठेकेदार अवैध रूप से बिजली चलाता था, जिसका कनेक्शन वह राजेश से जुडवा रहा था।

# बाइक रैली से किसानों को किया जागरूक

**किसना कल्याण वर्ष के तहत निकाली रैली**

**रैली में योजनाओं की किसानों को दी जानकारी**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में मोटर साइकिल रैली का आयोजन नवीन कृषि उपज मण्डी में आयोजन किया गया। मोटर साइकिल रैली को सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मण्डी के अधिकारियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह रैली नवीन कृषि उपज मण्डी अशोक नगर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए पछाड़ीखेड़ा स्थित विमानों का चबूतरा तक पहुंची। तो वहीं मण्डी परिसर में उपस्थित कृषकों को किसान कल्याण वर्ष 2026, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मोटे अनाजों का महत्व , नरवाई न जलाकर नरवाई का प्रबंधन, उर्वरक वितरण हेतु ई-टोकन प्रणाली, एआईएफपीएमएफएमई. आदि कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं रैली के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर कृषकों को संदेश दिया गया। इस मौके पर उप संचालक कृषि विभाग अमित सिंह, मंडी सचिव भागीरथ अहिरवार सहित अन्य अधिकारी एवं किसान मौजूद थे।

## कबीर बुनकर योजना के आवेदन 27 तक

**अशोकनगर।** मप्र हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरो को प्रोत्साहित करने हेतु कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरुस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु बुनकरो द्वारा स्वंय उत्पादित प्रविष्टियों जिनमें अपनी योग्यता एवं कारीगरी एंव कल्पनाशील दिखाई गई हो। जिसमें जिले में उत्पादित चन्देरी वस्त्रो में परम्परागत वस्त्र विशेष डिजाईन वाले वस्त्रो में शामिल किया जाय । पुरुस्कार का चयन रंग समन्वय रंग संयोजन डिजाईन के उत्कृष्टता के आधार पर प्रदेश की सक्षम कमेटी द्वारा किया जायेगा। कबीर बुनकर प्रोत्साहन हेतु प्रथम पुरुस्कार 01 लाख रूपये, द्वितीय पुरुस्कार 50 हजार रूपये, तृतीय पुरुस्कार 25 हजार रूपये है। इस योजना से संबंधित नियम एंव शर्तों जिला हाथकरघा कार्यालय चन्देरी में उपलब्ध है।

# पंचायतों में चलाए जाएं नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम : कलेक्टर

**समय-सीमा की लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न**

**कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश**




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में युवाओं को खेल के प्रति रूचि बढाने तथा नशा से दूर रहने हेतु खेल प्रतियोगिताओं एवं नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया जाए।** ये निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण जबाव दर्ज कर शिकायतों का निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाईन की कोई नॉट अटेण्ड न रहे यह सुनिश्चित करें। माह जनवरी 2026 की ग्रेडिंग के आधार पर सी एवं डी रेटिंग वाले विभाग ग्रेडिंग में सुधार कर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। उन्होंने 100 दिवस के अधिक की लंबित शिकायतों पर आवश्यक निर्णय लेकर निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम डेशबोर्ड के अंतर्गत विभागों द्वारा पोर्टल पर दर्ज जानकारी की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की समीक्षा कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभागवार पोर्टल पर दर्ज योजनाओं की प्रगति के संबंध में विभागवार समीक्षा की गई। वहीं पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाये जाने के निर्देश दिए। जैविक हाट बाजार के प्रति जन जागरूकता बढाये जाने के निर्देश दिए। जिले के कृषकों को फूलों की खेती के प्रति जागरूक करने तथा क्लेस्टर बनाकर मसाला निर्माण इकाई की ओर अग्रसर किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही जिले के युवाओं को शासन द्वारा संचालित स्व रोजगार योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभ दिलाकर रोजगार की मुख्य धारा से जोडने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गौशालाओं के सफल संचालन तथा बर्मी कम्पोस्टर खाद के संबंध में निर्देशित किया।

**समस्त विभाग करे बैठक :**

बैठक में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित नियमित रूप से बैठकों का आयोजन समय से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत एजेण्डानुसार विभिन्रि बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में ग्रामीण हाट बाजारों का निर्धारण,स्कूलों एवं कॉलेजों में स्वंय सिद्धा अंतर्गत आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण दिये जाने,आनंद संस्थान द्वारा प्रत्येक सप्ताह कार्यक्रम किये जाने, विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित सकारात्मक कार्यो को सोशल मीडिया के माध्याम से प्रसारित कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।




# परिवार नियोजन कार्यक्रमों की गहन समीक्षा बैठक

**सीएमएचओ के निर्देशन में हुई बैठक**

**अधिकारियों ने दिये सुधार के निर्देश**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में डीएचओ-2 डॉ. रजनी छारी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में परिवार नियोजन कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला स्तर से जिला कार्यक्रम प्रबंधक (कपिलदेव पाराशर, डिस्ट्रिक्ट डीसीएम आनंद माथुर, परिवार नियोजन प्रभारी हरिनारायण माली, आई पास डेवलपमेंट फाऊंडेशन से संभागीय एवं जिला कोऑर्डिनेटर सहित चंदेरी, मुंगावली, शाढ़ौरा एवं ईसागढ़ ब्लॉक से समस्त बीसीएम,बीईई, बीपीएम स्टोर कीपर एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान एचएमआईएस रिपोर्ट के अंतर्गत अप्रैल से दिसम्बर 2025 माह तक की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, अंतरा इंजेक्शन, ईएसबी पैरिटी रिपोर्ट सहित परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में कार्यक्रमों की गुणवत्ता, सुधार डेटा की शुद्धता, सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता एवं लाभार्थियों तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में डॉ. रजनी छारी द्वारा यह निर्देशित किया गया कि परिवार नियोजन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनसामान्य तक पहुंच योग्य बनाया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।



# पंचायत सचिव संगठन ने कलेक्टर से की भेंट

**मुलाकात के दौरान बताई समस्याएं**

**कलेक्टर ने कहा पंचायत सचिव शासन की कड़ी**

नवभारत न्यूज


**अशोकनगर।** जिले के पंचायत सचिव संगठन द्वारा गुरूवार को नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय से मुलाकात करते हुए शुभकामनाएं दी। जहां संगठन के सदस्यों ने पंचायत सचिवों की समस्या से कलेक्टर श्री मालवीय को अवगत कराया। तो वहीं कलेक्टर श्री मालवीय ने पंचायत सचिवों से कहा कि आप शासन की महत्वपूर्ण कड़ी हो, जो शासन की योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर ले जाकर उन्हें अमली जामा पहनाते हो। उन्होंने कहा कि आप सभी अपना कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ करते हो और आगे भी जिले को हर योजनाओं में आगे रखे। जिस पर पंचायत सचिव संगठन ने कलेक्टर श्री मालवीय को आश्वत किया कि जिले को हर योजना में प्रथम रखा जाएगा। इस मौके पर पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश अवस्थी, संभाग प्रवक्ता हितेंद्र रघुवंशी, जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव मुंगावली, जिला उपाध्यक्ष धनपाल यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सिंधिया की सभा के दौरान ग्राम पंचायत कर्रा और जसैया में मजदूर बना रहे थे खेत तालाब

## पंचायत सचिव बोले मजदूर धरातल पर नहीं, कागजों में करते हैं काम

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** एक तरफ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने दौरे पर है और वह जहां आम सभा के साथ ग्रामीणों से मुलाकात कर रहे है, तो वहीं दूसरी तरफ मनरेगा पोर्टल पर पंचायतों में फर्जी मजदूर चलाए जा रहे है, क्योंकि सिंधिया जहां पिपरई और बंगला चौराहे पहुंचे। तो वहीं इन्हीं दोनों के पास बनी पंचायत कर्रा और जसेया में पोर्टल पर फर्जी मजदूर मजदूरी करते दिखाई दे रहे है। जहां कर्रा में 101 मजदूर काम करते हुए दर्शाया गया है तो वहीं जसैया पंचायत में 173 मजदूर काम करते हुए दिखाई दे रहे है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग सिंधिया के सभा में शामिल होने गए थे, वही इसके अलावा अभी खेतों में फसलें खड़ी है और ऐसे में कहा खेत तालाब बन रहे होगे, इसका अंदाजा अपने आप लगाया जा सकता है। इस संबंध में जब कर्रा के पंचायत सचिव से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मजदूर तो कागजों में चलते है



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | JASAYA | 1748007043/IF/IAY/5532876 | Individuals -PMAY-G REG. NO. MP152035339 | Land (Category IV) | for Individuals |
| 10 | JASAYA | 1748007043/IF/IAY/5532878 | Construction of PMAY-G House for Individuals -PMAY-G REG. NO. MP152035343 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY-G [illegible] for Individuals |
| 11 | JASAYA | 1748007043/IF/IAY/5532879 | Construction of PMAY-G House for Individuals -PMAY-G REG. NO. MP152035344 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY-G [illegible] for Individuals |
| 12 | JASAYA | 1748007043/IF/IAY/5594312 | Construction of PMAY-G House for Individuals -PMAY-G REG. NO. MP152079592 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY-G H[illegible] for Individuals |
| 13 | JASAYA | 1748007043/IF/IAY/5594320 | Construction of PMAY-G House for Individuals -PMAY-G REG. NO. MP152079229 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY-G H[illegible] for Individuals |
| 14 | JASAYA | 1748007043/IF/IAY/5594322 | Construction of PMAY-G House for Individuals -PMAY-G REG. NO. MP152079261 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY-G Ho[illegible] for Individuals |
| 15 | JASAYA | 1748007043/IF/IAY/5595146 | Construction of PMAY-G House for Individuals -PMAY-G REG. NO. MP152079127 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY-G Ho[illegible] for Individuals |
| 16 | JASAYA | 1748007043/WC/22012035256206 | Talab nirman kary beltari nale par | Water Conservation and Water Harvesting | Construction of Community Water Harvesting Ponds |
| | | [illegible]748007043/WC/22012035256207 | Talab nirman kary kanikhedi ke nehrai nale par | Water Conservation and Water Harvesting | Construction of Community Water Harvesting Ponds |

Download In Excel

धरातल पर कहा रहते है मजदूर,तो इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह पंचायतों में फर्जी मजदूर का खेल चल रहा है और मनरेगा में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इससे पहले भी कई पंचायतों में फर्जी मजदूरों के मामले सामने आए है मगर आजतक इस ओर किसी जिम्मेदार अधिकारी की नजर नहीं गई। जिससे सरकार द्वारा जिस उद्देश्य के साथ यह योजना चालू की गई थी उसका उद्देश्य पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है और इस योजना को भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ाया जा रहा है।

**कर्रा पंचायत में पहले भी हो चुकी है भ्रष्टाचार की शिकायत :**

कर्रा पंचायत सदैव विवादों में रहती है जहां इस पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते है। इससे पहले भी जिला प्रशासन को इस पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की जा चुकी है। इसके अलावा कई बार ग्रामीणों ने पंचायत में किए गए निर्माण कार्य की जांच करने की बात कही है मगर आजतक इस पंचायत की जांच नहीं की जा सकी है। जिससे पंचायत में सरपंच और सचिव के हौसले बुलंद होते दिखाई दे रहे है।

**जसैया पंचायत में भी चल रहे फर्जी मजदूर :**

ऐसा ही जसैया पंचायत में देखने को मिल रहा है, जहां बुधवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने दौरे पर बंगला चौराहे पर संत रविदास जी के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे और वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग पहुंचे और बंगला चौराहे से लग के ही जसैया पंचायत आती है। ऐसे में 173 मजदूर कहा खेत तालाब बना रहे होगे, इसका अंदाजा अपने आप लगाया जा सकता है। जबकि केंद्रीय मंत्री का अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा। ऐसे में अब देखना यह होगा कि प्रशासन फर्जी मजदूर का खेल पंचायतों में बंद करा पाती है या फिर इसी तरह गरीब मजदूरों के नाम पर चली योजना में भ्रष्टाचार होता रहेगा।

## विकासखंड समन्वयक सम्मानित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम 2025 26 में उत्कृष्ट कार्य करने पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह प्रशस्ति पत्र डॉ बकुल लाड कार्यपालक निदेशक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ गोल्ड श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। यह प्रमाण पत्र गुरुवार को कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा विकासखंड समन्वयक अशोकनगर मनोज यादव को प्रदान किया गया।

**गजरथ महोत्सव**

**कचनार में चल रही पंचकल्याण महा महोत्सव में हो रहे कार्यक्रम**

# आदि कुमार की निकली बारात, नीलांजना का नृत्य देख हुआ वैराग्य

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कचनार पंचकल्याणक महोत्सव में गुरुवार को आदि कुमार की राजसी क्रियाएं हुई और समस्त राजाओं ने उनकी अधीनता स्वीकार करते हुए भेंट प्रदान की इसके बाद विवाह संस्कार हुए, महिलाओं ने मंगल गीत गाए, अष्टकुमारियों ने नृत्य किया। आदिकुमार की बारात निकाली गई। बारात का शुभारंभ महाराजा नाभिराय के घर से हुआ इस दौरान बाराती नाश्ते गाते हुए निकले, इस दौरान जगह स्वागत हुआ राजाओं ने भेंट प्रदान की।

**प्रजा को दिया असि,मसि, कृषि का संदेश :**

राजा आदिकुमार का दरबार सजा इस दौरान उन्होंने प्रजा को जीवन यापन की समस्या बताई, उन्होंने प्रजा को जीवन जीने की कला सिखाते हुए असी, मसी



,कृषि,विद्या, वाणिज्य की शिक्षा दी। नीलांजना का नृत्य हुआ, नाथ के बाद नीलांजना का मरण देख आदि कुमार को वैराग्य हो गया। इस दौरान उनके दीक्षा संस्कार हुए। मुनि दुर्लभ सागर महाराज ने विधि नायक भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की दीक्षा संस्कार की विधि कराई। इस दौरान पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिष्ठित किया कि जाने वाली सभी प्रतिमाओं के दीक्षा संस्कार संपन्न कराए गए।

**आज मनाया जाएगा ज्ञान कल्याणक :**

शुक्रवार को ज्ञान कल्याणक मनाया जाएगा, सुबह अभिषेक पूजन बस तब कल्याण की पूजन होगी शांति हवन एवं आचार्य श्री की पूजन होगी। नव दीक्षित मुनिराज ऋषभदेव की आहार चर्या होगी। 6 महीने की कठिन तपस्या के भाग ऋषभदेव आहारचार्य को निकलेंगे। दोपहर में ज्ञान कल्याण की आंतरिक क्रियाएं संपन्न होगी प्राण प्रतिष्ठा होगी प्रतिमाओ को मुनि दुर्लभ सागर द्वारा सूरी मंत्र दिए जाएंगे इसके साथ ही भगवान को केवल ज्ञान की प्राप्ति होगी।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 04/01/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक विजय लोधी पुत्र गजराम लोधी जाति लोधी निवासी ग्राम खैरा तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता गजराम लोधी पिता गोरेलाल की मृत्यु दिनांक 26/07/2013 को ग्राम खैरा में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/02/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी**
**जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 04/01/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक अशोक सिंह लोधी पुत्र भागीरथ लोधी निवासी ग्राम हिरावल तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता भागीरथ लोधी पिता खलके की मृत्यु दिनांक 13/04/1994 को ग्राम हिरावल में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/02/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी**
**जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 04/02/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक इशित्याक मोहम्मद पुत्र फरीद मोहम्मद निवासी तहसील चंदेरी द्वारा अपनी दादी मकबूलन बी पिता सकि मोहम्मद की मृत्यु दिनांक 23/06/2003 को ग्राम चंदेरी में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/02/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी**
**जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/01/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक हेमी पत्नी चतरा बंजारा निवासी ग्राम पीपरीधार तहसील चंदेरी द्वारा अपने पति चतरा बंजारा पिता बल्ला की मृत्यु दिनांक 09/10/2010 को ग्राम पीपरीधार में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/02/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी**
**जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/01/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक पेमा बंजारा पुत्र घासी बंजारा निवासी ग्राम पीपरीधार तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता घासी बंजारा पिता हेमा की मृत्यु दिनांक 08/04/2020 को ग्राम पीपरीधार में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/02/20 26 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी**
**जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/01/2026

**// विज्ञप्ति//**

आवेदक किशन पुत्र बल्ला निवासी ग्राम पीपरीधार तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता बल्ला बंजारा पिता हेमा की मृत्यु दिनांक 10/05/2018 को ग्राम पीपरीधार में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/02/20 26 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी,**
**जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/01/2026

**// विज्ञप्ति//**

आवेदक भामा बंजारा पुत्र खेमा बंजारा निवासी ग्राम पीपरीधार तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता खेमा बंजारा पिता भामा की मृत्यु दिनांक 07/11/1996 को ग्राम पीपरीधार में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/02/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी ,**
**जिला अशोकनगर मप्र**